Title: Need to provide financial assistance to Government of U.P. for construction of a bridge on Saryu river at Bidhar Ghat in Khalilabad Parliamentary Constituency.

श्री भालचन्द्र यादव (खलीलाबाद) : मेरे लोक सभा क्षेत्र खलीलाबाद संत कबीर नगर के अंतर्गत जनपद मुख्यालय से होकर खलीलाबाद धनघटा मार्ग से, जो संत कबीर नगर जनपद एक एकमात्र मुख्य मार्ग है पूरे जनपद के लोग उक्त मार्ग से आते जाते हैं। उक्त मार्ग से होकर सरयू नदी को नाव द्वारा उतरकर हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन, खलीलाबाद आते हैं। प्रदेश के अन्य जनपदों से भी लोग हस्तकरघा के क्रय विक्रय हेतु खलीलाबाद आते हैं, जो अयोध्या अथवा दोहरीघाट होकर आना जाना पड़ता है, जिससे लगभग 200 किलो मीटर अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ता है। हमारे जनपद के लोगों को इलाहाबाद, बनारस, आजमगढ़ आने जाने के लिए भी 200 किलो मीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। यदि खलीलाबाद धनघटा रोड एवम् धनघटा-विड़हर मार्ग पर विड़हर में सरयू नदी पर एक पुल का निर्माण करा दिया जाए तो लाखों लोगों को बनारस इलाहाबाद व देश के अन्य भागों में आने जाने के लिए कम धन एवम् समय व्यय करना पड़ेगा तथा अत्यधिक सुविधाजनक होने के साथ-साथ देश के अनेक भागों से जोड़कर खलीलाबाद मेहदावलवासी होकर सीधे नेपाल से जोड़ा जा सकता है।

अतः मैं चाहता हूं कि विड़हर घाट पर सरयू नदी पर एक पुल का निर्माण कराया जाए। इसके लिए राज्य सरकार को आवश्यक धन उपलब्ध कराया जाए।